



# न्यूज़ लेटर
## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

**सितम्बर-2022**

*अन्दर के पृष्ठों पर........*


- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध

### उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय पर स्वतंत्रता दिवस-2022



- दिनांक 15.08.2022 : 76वें स्वतन्त्रता दिवस पर श्री सुनील कुमार गुप्ता, अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उत्तर प्रदेश द्वारा उत्तर पुलिस रेडियो मुख्यालय पर प्रातः 0800 बजे भारतीय राट्रीय ध्वज ''तिरंगा'' फहराया गया। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा पुलिस रेडियो कार्मिकों को स्वीकृत किये गये विभिन्न पदकों एवं कमेण्डेशन डिस्क का वितरण किया गया।

अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उत्तर प्रदेश ने इस अवसर पर सभी को बधाई दी। श्री गुप्ता ने अंग्रेजों से आजादी हासिल करने में अपना सर्वस्व बलिदान कर देने वाले वीर सपूतों का स्मरण, वन्दन एवं नमन किया तथा भारतीय आजादी की लड़ाई को विश्व में एक मिसाल बताया। श्री गुप्ता ने ''आजादी का अमृत महोत्सव'' का उल्लेख किया तथा राष्ट्रगान के सामूहिक गायन को राष्ट्र की एकता और अखण्डता का अहसास कराने वाला बताया।

श्री गुप्ता ने देश के समक्ष आन्तरिक एवं बाहरी ताकतों द्वारा प्रस्तुत की जा रही चुनौतियों को देश की एकता एवं अखण्डता के समक्ष संकट खड़ा करने वाला बताया तथा देश को संगठित रखने में पुलिस बल की महती भूमिका का उल्लेख किया। देश की आन्तरिक नकारात्मक ताकतों द्वारा भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' का दुरुपयोग करने व इससे हमें प्रभावित न होकर निरन्तर सकारात्मक कार्य करते रहने पर बल दिया। श्री गुप्ता ने सौंपे गये कार्यों को पूर्ण मनोयोग से करने समाज के वंचित वर्ग की मदद करने हेतु प्रेरित किया।

श्री गुप्ता ने भारत सरकार एवं उ0प्र0 सरकार द्वारा आमजन के कल्याण एवं देश/प्रदेश के समग्र विकास हेतु चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं का विस्तार से उल्लेख किया। श्री गुप्ता ने जन कल्याण योजनाओं के प्रति समाज के वंचित वर्ग को जागरुक करने में मदद का आवाहन किया। श्री गुप्ता ने पुलिस रेडियो परिवार के सदस्यों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की तथा पदक विजेताओं को बधाई दी।

न्यूज़ लेटर
उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

# स्वतन्त्रता दिवस-2022 पर पुलिस पदक प्राप्त करने वाले कार्मिक

## राष्ट्रपति का पुलिस पदक



श्री एस.के. सिंह, उपमहानिरीक्षक (पु0दू0)



श्री श्रीनिवास पाण्डेय, रेडियो उपनिरीक्षक



श्री राजेश सिंह, रेडियो निरीक्षक



श्री अतुल कुमार गुप्ता, रेडियो उपनिरीक्षक

## पुलिस पदक



श्री एस.के. कन्नौजिया, स.रे. अधिकारी

## उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह



श्री राज कुमार प्रजापति, रेडियो निरीक्षक



श्री देवेन्द्र कुमार सिंह,
रेडियो उपनिरीक्षक



श्री रौबिन कुमार भौमिक
रेडियो उपनिरीक्षक



श्री दिनेश नरायन त्रिपाठी,
रेडियो उपनिरीक्षक



श्री राम निधि मौर्य, रेडियो निरीक्षक



श्री अनिल कुमार सिंह,
रेडियो उपनिरीक्षक



श्री गिरिजा शंकर मिश्रा,
रेडियो उपनिरीक्षक

## सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह



श्री अरूण कुमार श्रीवास्तव,
रेडियो उपनिरीक्षक



श्री राम इकबाल सिंह यादव,
रेडियो निरीक्षक



श्री मनोज कुमार,
रेडियो उपनिरीक्षक

## प्रशंसा चिन्ह



श्री अमित कुमार सिंह,
प्रधान परिचालक

## सराहनीय कार्य

- निम्न भ्रमण कार्यक्रमों के दौरान निर्विध्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी–

| दिनांक | जनपद |
|---|---|
| मा0 राज्यपाल, केरल | |
| 22–23.08.2022 | गोरखपुर |
| मा0 मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश | |
| 28–29.08.2022 | गोरखपुर |
| 27.08.2022 | बुलन्दशहर |
| 26.08.2022 | गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ |
| 22–23.08.2022 | गोरखपुर |
| 19.08.2022 | मथुरा, आगरा |
| 18.20.08.2022 | गोरखपुर |
| 17.08.2022 | शामली, सहारनपुर |
| 08.08.2022 | आगरा |
| 05.08.2022 | वाराणसी |
| 04.08.2022 | वाराणसी, आजमगढ़, गोरखपुर |
| 02–04.08.2022 | गोरखपुर |

- जनपद गोरखपुरः दिनांक 23.08.2022 को अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 द्वारा गोरखपुर मन्दिर कण्ट्रोल की संचार व्यवस्था के निरीक्षण में कण्ट्रोल पर नियुक्त 06 रेडियो कर्मियों के उत्साहवर्धन हेतु कुल रू0 2500/– का पुरस्कार स्वीकृत किया गया है।
- जनपद मेरठः परिक्षेत्रीय कण्ट्रोल, मेरठ हेतु स्थापित 100 फीट एण्टीना के पुराने अधिष्ठापन के स्टेवायर टूटकर अलग हो जाने के कारण उसकी मरम्मत/पुर्नअधिष्ठापन कराने हेतु प्राईवेट फर्म द्वारा स्टेवायर चेन्ज कराने का एस्टिमेट रू0 37170/– प्रस्तुत किया गया। उक्त सामान की पूर्ति मेरठ जोन के जनपदों तथा रेडियो मुख्यालय से करके उक्त कार्य को श्री वीरेन्द्र कुमार वर्मा, सहायक रेडियो अधिकारी, सहारनपुर द्वारा मात्र रू0 4000/– में सम्पन्न कराया गया। इस कार्य में रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अजय कुमार श्रीवास्तव का योगदान सर्वश्रेष्ठ व सराहनीय रहा।

## पुलिस मुख्यालय के आदेश/निर्देश

- पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 के पत्र दिनांक 13.08.2022 द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर महामहिम राष्ट्रपति, भारत द्वारा स्वतन्त्रता के इस पावन अवसर पर स्मरणोत्सव मनाने के लिए पुलिस बलों के सभी रैंको के कार्मिकों को 75वीं स्वतन्त्रता जयंती पदक प्राप्त होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित की गयी हैं।
- अपर पुलिस महानिदेशक/पुलिस महानिदेशक के जीएसओ, उ0प्र0 के पत्र संख्याः सीए–1/डीजी–1/2022 दिनांक 10.08.2022 द्वारा शासन अथवा उच्च स्तर पर आयोजित होने वाली गोष्ठियों से सम्बन्धित पुलिस महानिदेशक के उपयोगार्थ उपलब्ध कराये जा रहे मीटिंग फोल्डर में प्रायः बहुत अधिक पृष्ठ होने के कारण गोष्ठी के समय उसमें से किसी सूचना को निकालना व उस पर चर्चा किये जाने में होने वाली असुविधा के दृष्टिगत विषय से सम्बन्धित सम्पूर्ण सूचना के आधार पर एक संक्षिप्त नोट अथवा बुलेट पाइन्ट टाइप नोट अपने निकटतम पर्यवेक्षण में तैयार कराकर उपलब्ध कराये जाने हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया है।
- अपर पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय के पत्र संख्याः कल्याण–आर्म्ड फोर्सेज हेल्प लाइन/2022 दिनांक 10.08.2022 द्वारा आर्म्ड फोर्सेज के कर्मियों (सेवारत/सेवानिवृत्त) या उनके परिवारजनों के सामने आने वाली समस्यायें यथा भूमि विवाद, परिवारों का उत्पीड़न इत्यादि जो प्रमुखतया पुलिस कर्मियों के ड्यूटी में घर से बाहर रहने पर इनके निस्तारण में समस्यायें आने के दृष्टिगत ऐसी समस्याओं के त्वरित निस्तारण किये जाने हेतु मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0, लखनऊ स्थित कार्यालय के शिकायत प्रकोष्ठ के अन्तर्गत "DEF HELPLINE"

का गठन किया गया है जिसके नोडल अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, लोक शिकायत होंगे। आर्म्ड फोर्सेज के कर्मियों की समस्याओं के निदान हेतु निम्न से सम्पर्क कर अपनी समस्या का निवारण कराया जा सकता है– 1. हेल्पलाइन नम्बरः 7839877707, 2. ई-मेल आईडीः defhelpline.uppolice@gmail.com एवं पर्यवेक्षण अधिकारी का नम्बरः 9454400691

## उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय के आदेश/निर्देश

- सहायक रेडियो अधिकारी, प्रशासन के पुलिस रेडियो मेल संख्याः एम–335/2022 दिनांक 29.08.2022 द्वारा वित्तीय वर्ष 2022–23 में अध्ययनरत उ0प्र0 पुलिस विभाग सेवारत अराजपत्रित/राजपत्रित(आई0पी0एस0 को छोड़कर) अधि0/कर्मचारी तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के मेधावी बच्चों को उ0प्र0 पुलिस शिक्षा निधि से छात्रवृत्ति के रूप में एकमुश्त अनुदान स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध में दिनांक 20.12.2022 तक आवेदन पत्र उपलब्ध कराये जाने हेतु सर्वसम्बन्धित को अवगत कराया गया है।
- पुलिस उपमहानिरीक्षक (दूरसंचार) मुख्यालय के कार्यालय ज्ञाप संख्याः सीए/डीआईजी (पी/टी)एचक्यू–1/2022 दिनांक 10.08.2022 द्वारा विभागीय राजपत्रित/ अराजपत्रित अधिकारियों को उपलब्ध कराये गये सीयूजी मोबाइल नम्बर पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सम्पर्क करने पर उनके द्वारा फोन रिसीव न किये जाने अथवा Switch off/Not reachable बताये जाने के दृष्टिगत सीयूजी मोबाइल को सदैव क्रियाशील दशा में रखने तथा भविष्य में वरिष्ठ अधिकारियों के फोन रिसीव न करने अथवा Switch off पाये जाने की दशा में सम्बन्धित के विरूद्ध कठोर कार्यवाही किये जाने हेतु सचेत किया गया है।
- राज्य रेडियो अधिकारी, प्रशासन के कार्यालय ज्ञाप संख्याः एसआरओ(प्रशा0)–34/2022 दिनांक 09.08.2022 द्वारा अराजपत्रित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उच्चाधिकारियों के मोबाइल नम्बर पर व्हाटसएप के माध्यम से ऐच्छिक स्थान पर स्थानान्तरण करने अथवा स्थानान्तरण को निरस्त करने/संशोधित करने के अनुरोध के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो स्थापना बोर्ड गठित होने एवं बोर्ड के द्वारा ही रेडियो कार्मिकों के स्थानान्तरण सम्बन्धी प्रकरणों पर सम्यक विचारोपरान्त यथोचित निर्णय लिये जाने की दशा में किसी रेडियो कर्मी द्वारा अपने स्थानान्तरण के सम्बन्ध में किसी उच्चाधिकारी के मोबाइल पर व्हाटसएप के माध्यम से अनुरोध किये जाने को औचित्यपूर्ण एवं उचित न दर्शाते हुए कार्यालय ज्ञाप की मूल भावना से अवगत कराते हुए तदनुसार अग्रिम आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया है।
- अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार के कार्यालय ज्ञाप संख्याः एम–104/2017(मिस) ज्ञाप दिनांक 01.08.2022 द्वारा Department of Expenditure, भारत सरकार के ज्ञाप संख्याः F-6/18/2019-PPD दिनांक 03.07.2022 द्वारा जेम पोर्टल पर विलम्ब से किये जाने वाले भुगतान पर ब्याज लगाये जाने के सम्बन्ध में दिये गये निर्देश दिनांक 01.08.2022 से प्रभावी होने के दृष्टिगत दिये गये निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुए जेम पोर्टल पर क्रय की जाने वाली सामग्रियों का समयान्तर्गत भुगतान किये जाने एवं किसी भी दशा में ब्याज देने की स्थिति उत्पन्न न होने हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया है।

## पदोन्नति

- राज्य रेडियो अधिकारी, प्रशासन के आदेश संख्याः पी–549/2022 दिनांक 26.08.2022 द्वारा निम्न 03 संदेश वाहकों को कर्मशाला कर्मचारी पद पर पदोन्नति प्रदान की गयी है– 1. 891022222/विवेकानन्द त्रिपाठी, रेडियो मुख्यालय, 2. 891022509/दिनेश कुमार, कानपुर नगर एवं 3. 891022512/श्रीराम, आजमगढ़।
- पुलिस उपमहानिरीक्षक (दूरसंचार) मुख्यालय के आदेश संख्याः पी–428/2022 दिनांक 20.08.2022 द्वारा निम्न 43 प्रधान परिचालक/प्रधान परिचालक यांत्रिक को रेडियो उपनिरीक्षक पद पर पदोन्नति प्रदान की गयी है– 1. 3419/राजीव शुक्ल, रायबरेली, 2. 810/मुहम्मद मुस्लिम, सोनभद्र, 3. 3397/सुरेन्द्र कुमार, 39वीं वाहिनी, 4. 3544/ओम प्रकाश, 49वीं वाहिनी, 5. 572/कुमार राहुल सिंह, चंदौली, 6. 1003/संजय कुमार सिंह, फतेहपुर, 7. 1091/रवीन्द्र सिंह, गाजियाबाद, 8. 1053/इन्द्र पाल वर्मा, कानपुर नगर, 9. 1412/सफीक मोहम्मद, रेडियो मुख्यालय, 10. 1128/विनोद कुमार सिंह, प्रयागराज, 11. 801/अनिल कुमार सिंह, बलिया, 12. 1132/सुरेन्द्र प्रताप सिंह, वाराणसी, 13. 1684/मनोज कुमार शुक्ल, रेडियो मुख्यालय, 14. 1671/अरूण कुमार पाठक, 02वीं वाहिनी, एसएएफ, 15. 1357/धर्मराज यादव, प्रयागराज, 16. 1532/नरेन्द्र प्रकाश अरूण, आगरा, 17. 1055/जमुना प्रसाद, बलिया, 18. 1131/रतनेश कुमार श्रीवास्तव, संतकबीरनगर, 19. 1041/राज सिंह, सहारनपुर, 20. 3563/राकेश कुमार, रेडियो मुख्यालय, 21. 950/मदन चन्द्र पासवान, श्रावस्ती, 22. 3549/जुग्गी लाल, रेडियो मुख्यालय, 23. 291/भोला नाथ, खीरी, 24. 4522/सुषमा सिंह, रेडियो मुख्यालय, 25. 3574/शिव कुमार, अयोध्या, 26. 880/अशोक कुमार वर्मा, रेडियो मुख्यालय, 27. 2730/शत्रुघ्न, महराजगंज, 28. 355/जितेन्द्र सिंह, हाथरस, 29. 3558/परमिन्दर कुमार देव, संतकबीरनगर, 30. 933/काशी नाथ, बरेली, 31. 3614/राज कुमार, कानपुर नगर, 32. 3551/मनोज कुमार गुप्ता, गाजीपुर, 33. 856/धीरेन्द्र कुमार, बांदा, 34. 620/उमेश कुमार पाठक, बस्ती, 35. 1489/अरूण कान्त वर्मा, रेडियो मुख्यालय, 36. 3630/भुवनेश कुमार, मुरादाबाद, 37. 3587/अमित कुमार, गोण्डा, 38. 135/रनवीर सिंह, हापुड़, 39. 196/राजेश कुमार पाण्डेय, गाजीपुर, 40. 4521/रेनू शर्मा, मेरठ, 41. 862/समर बहादुर सिंह, वाराणसी, 42. 3554/नागेन्द्र प्रताप सिंह, रेडियो मुख्यालय एवं 43. 1182/तरूण कुमार सिंह, मऊ।
- राज्य रेडियो अधिकारी, प्रशासन के आदेश संख्याः पी–548/2022 दिनांक 20.08.2022 द्वारा निम्न 09 सहायक परिचालक को प्रधान परिचालक पद पर पदोन्नति प्रदान की गयी है– 1. 5827/प्रशांत कुमार सिंह, रेडियो मुख्यालय, 2. 4884/संतोष कुमार यादव, रेडियो मुख्यालय, 3. 2050/अजय कुमार सिंह, फतेहगढ़, 4. 5002/गौरव कुमार वर्मा, ललितपुर, 5. 4745/गनेश शंकर मिश्र, रेडियो मुख्यालय, 6. 03/नीरज कुमार राय, रेडियो मुख्यालय, 7. 5014/अमित कुमार सिंह, वाराणसी, 8. 1500/अनिल कुमार आनन्द, बस्ती एवं 9. 3320/अमन कुमार सिंह, रेडियो मुख्यालय।

## सेवानिवृत्ति

- उ0प्र0 पुलिस रेडियो से अगस्त–2022 में सेवानिवृत्त (अधिवर्षता आयु पूर्ण कर/ऐच्छिक) हुए निम्न 07 कार्मिकों को ससम्मान विदाई दी गयी– 1. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अब्दुस्सलाम, रेडियो मुख्यालय, 2. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री वेद प्रकाश शर्मा, 47वीं वाहिनी, 3. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री राजेन्द्र कुमार, 33वीं वाहिनी, 4. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री बृजेश कुमार शुक्ल, लखनऊ, 5. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री कृष्ण कुमार त्रिपाठी, उन्नाव, 6. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री दिनेश चन्द्र, आगरा एवं 7. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अशोक कुमार पाण्डेय, सुल्तानपुर।





## आजादी का अमृत महोत्सव

भारत की स्वतन्त्रता के 75वर्ष पूर्ण होने पर उ0प्र0 शासन द्वारा "आजादी का अमृत महोत्सव" के अन्तर्गत दिनांक 11.08.2022 से 17.08.2022 तक ''स्वतन्त्रता सप्ताह'' तथा दिनांक 13.08.2022 से 15.08.2022 तक "हर घर तिरंगा कार्यक्रम" आयोजित किये जाने हेतु पारित निर्देशों के क्रम में, पुलिस महानिदेशक एवं राज्य पुलिस प्रमुख, उ0प्र0 द्वारा दिनांक 11.08.2022 से 17.08.2022 तक मनाये जाने वाले कार्यक्रमों के सम्बन्ध में पारित रुप–रेखा के अनुसार उ0प्र0 रेडियो मुख्यालय पर कार्मिकों व कॉलोनी वासियों को कार्यक्रमों के बारे में संवेदित करते हुए, झण्डा व्यवस्था व प्रशिक्षण, मैराथन, तिरंगा यात्रा, पुलिस रेडियो परिवार के बच्चों को पुरस्कार, कार्मिकों का सम्मान, वीर रस संध्या जैसे समस्त कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण कराये गये।












## स्वतन्त्रता दिवस पर पुलिस रेडियो अधिकारियों का जनपदों में सम्मान


श्री विनोद कुमार सिंह,
अपर राज्य रेडियो अधिकारी, प्रयागराज


श्रीमती अंजुल गंगवार,
अपर राज्य रेडियो अधिकारी, मेरठ


श्री नेपाल सिंह सिरोही,
रेडियो निरीक्षक


श्री राकेश कुमार मिश्रा,
रेडियो निरीक्षक

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व दिनांक 19.08.2022 को परम्परागत सादगी व उल्लास से उ0प्र0 पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र पर मनाया गया।











लेखन, सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार)
डिज़ाइन सहयोग–श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।